# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415 / 2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN**

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


पत्रांकः–1251 /EXAM/VMSBUTU / 2025 दिनॉकः 31,जुलाई, 2025

## संशोधित–पत्र

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।

**विषयः समर सेमेस्टर–2024-2025 परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा शुल्क के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के कम में पूर्व में निर्गत पत्रांक–1246/EXAM/VMSBUTU/2025 को अवकमित करते हुये मुझे कहने का निर्देश हुआ है कि Ordinance के सुसंगत प्राविधान के अर्न्तगत सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त प्रोन्नति हेतु न्यूनतम केडिट अर्जित करने के लिये विशेष कक्षायें संचालित करते हुए समर सेमेस्टर की मात्र थ्योरी विषयो की कक्षाओं के लिए विगत वर्ष में निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 5000 / –(रूपये पांच हजार मात्र) को इस वर्ष में भी प्रति विषय निर्धारित किया गया है जिसे अर्ह छात्रों द्वारा संबंधित संस्थान को भुगतान किया जायेगा।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि समर सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों हेतु प्रति विषय परीक्षा शुल्क स्पेशल बैक पेपर की भाँति रू0 2000 / (रूपये दो हजार मात्र) निर्धारित किया गया हैं।

उपरोक्त के साथ–साथ कृपया अवगत होवें कि सत्र 2022–23 से प्रभावी **Ordinance के Re-admission एवं Promotion clause के प्राविधानों में प्रदत्त स्थिति निम्नवत् हैः–**

- विभिन्न तकनीकी एवं लॉ पाठ्यक्रम जैसे–B.Tech, M.Tech, BHMCT, MBA, MBA Integrated, BBA, BCA हेतु 2022–23 से यथा प्रभावी आर्डिनेन्स में दी गयी व्यवस्था के प्राविधानों को नियमानुसार स्पष्ट करते हुए निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया। "Promotion हेतु Minimum Eligibility Criteria" पूर्ण करने के साथ–साथ यदि छात्र / छात्रा संदर्भित Academic Session के दोनो सेमेस्टर परीक्षाओं में Appear होता है तथा साथ ही उस छात्र / छात्रा के दोनों सेमेस्टर के आंतरिक थ्योरी एवं प्रायोगिक सेशनल अंक Continuous Assessment करने के पश्चात प्रदान किये जाते है, तो उसी परिस्थिति में छात्र / छात्रा अग्रिम कक्षा में Promotion हेतु पात्र हैं। किसी भी परिस्थति में यदि छात्र / छात्रा का किसी भी सेमेस्टर का यदि संस्थान द्वारा उस सेमेस्टर के समस्त विषयों के सेशनल अंक प्रदान नहीं किये जाते है, उस स्थिति के वह छात्र Promotion का पात्र न होते हुए मात्र Re-admission का पात्र होगा।

- यदि छात्र / छात्रा का संस्थान द्वारा संबंधित Academic Session के दोनों सेमेस्टर में सेशनल अंक प्रदान किये जाते है तथा वह छात्र / छात्रा दोनों सेमेस्टर की परीक्षा में Appear होता है परन्तु वह Minimum Cumulative Credit नहीं दर्ज कर पाता है, वह समर सेमेस्टर का पात्र है तथा यदि वह समर सेमेस्टर परीक्षा में वह भाग नहीं लेता है या यदि समर सेमेस्टर परीक्षा देने के पश्चात भी न्यूनतम Cumulative Credit नहीं प्राप्त करता है तो ऐसी परिस्थिति में छात्र के पास Re-admission अथवा Ex -Student Ship का विकल्प मौजूद है।

- किसी छात्र / छात्रा के संदर्भिक शैक्षणिक सत्र में दोनो सेमेस्टर के सेशनल अंक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराये जाने के बावजूद यदि छात्र किसी भी सम्पूर्ण सेमेस्टर परीक्षा देने में असमर्थ रहता है अथवा किसी कारण से Detain किया जाता है तो ऐसे छात्र न्यूनतम केडिट धारित करने अथवा न धारित करने के दोनो परिस्थितियों में Re-admission अथवा Ex -Student Ship के पात्र होगें।

P.T.O.

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN
(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)
Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त से अवगत होते हुए सत्र 2024–25 की परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त अर्ह छात्रों को समुचित कक्षायें संचालित कर मात्र न्यूनतम उपरिथति धारित करने वाले छात्रों को अगस्त, 2025 के द्वितीय सप्ताह में निर्धारित समर सेमेस्टर की परीक्षाओं में अर्हता की दशा में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। समर सेमेस्टर हेतु परीक्षा फॉर्म आवेदन 01–05, अगस्त, 2025 के मध्य विश्वविद्यालय पोर्टल पर UMS के माध्यम से भरे जा सकेंगे तथा यह सुविधा मात्र अर्ह छात्रों को ही उपलब्ध होगी। समर सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम पृथक से जारी होगा। कृपया अपने संस्थान के छात्रों को अवगत कराना सुनिश्चित करें। कृपया UMS पर उपलब्ध कराये गये परीक्षाफल (टेबुलेशन रजिस्टर) को तत्काल संस्थान स्तर से पुष्टि करना सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों को उनका परीक्षाफल मिल सके तथा मार्कशीट का मुद्रण किया जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
3. वित्त नियत्रंक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
4. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि संबंधित संस्थानों को प्रेषित/सूचित करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक